# मायके जाते समय हुआ दर्दनाक हादसा

## लोगों ने बस चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 02 मई.** जिले के आलमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉक्सी सरकार तिराहे के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 48 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला अपने भाई एवं भतीजी के साथ बाइक पर सवार होकर मायके जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला बस के पिछले पहिए के नीचे आ गईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवढ़ा के जौरी रामपुरा निवासी गुड्डी देवी (48) अपने भाई कन्हैयालाल एवं भतीजी बबली के साथ बाइक से बड़ोखरी जा रही थीं। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी बाइक आलमपुर स्थित कॉक्सी सरकार तिराहे के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही बालाजी बस के चालक ने सड़क पर बने गड्ढे को बचाने का प्रयास किया।

गड्ढे से बचने के दौरान बस



चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार महिला गुड्डी देवी बस के पिछले पहिए की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे उनके भाई और साथ बैठी भतीजी बाल-बाल बच गए।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद बस चालक मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और सीधे थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना था कि दुर्घटना स्थल आलमपुर थाने से मात्र लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद पुलिस को घटनास्थल तक पहुंचने में करीब आधा घंटा लग गया। इस देरी को लेकर लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

> **बस जब्त, जांच शुरू:**
> पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर लिया गया है तथा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। फिलहाल मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।
> **सोहनीश तोमर, थाना प्रभारी, आलमपुर।**

# मनाया गया लाड़ली उत्सव, बालिकाओं को प्रमाण-पत्र एवं बेबी किट का वितरण



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 02 मई.** जिला भिंड अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना स्तर एवं समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आज लाड़ली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसी क्रम में सुबह 11:00 बजे मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत जिला पंचायत सभागार भिंड में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरोज बघेल उपस्थित रहीं। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अंजू तोमर, परियोजना अधिकारी बरोही परशुराम शर्मा, प्रभारी परियोजना अधिकारी भिंड शहरी सुलक्षणा चौरसिया, बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा नवजात बालिकाओं को बेबी किट प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को लाड़ली केप, प्रशस्ति पत्र एवं लाड़ली उत्सव प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने के

### बालिकाओं को सम्मानित कर बेटियों के अधिकार एवं शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आज बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अंजू तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि लाड़लियों के बिना समाज के विकास की कल्पना संभव नहीं है। बेटियों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके जन्म को प्रोत्साहित करने की शुरुआत परिवार एवं घरों से होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी वाटिका परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं लाड़ली बालिकाओं द्वारा 'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम में हुआ श्रमिकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर 02मई.** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ब्रह्मा कुमारी संस्थान मालनपुर द्वारा श्रमिकों का सम्मान किया गया। जिस कार्यक्रम में पूर्व ठेकेदार ठाकुर वर्मा ने श्रमिकों को यही बताया । आप भले श्रमिक बने लेकिन अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर योग्य अवश्य बनाएं। समाज में सर ऊंचा उठाकर जीना हर एक के अधिकार में है। आप अपने आप को कमजोर ना समझे और अपनी शक्ति अनुसार बच्चों को एक उच्च स्थान अवश्य दिलाए। संचालीका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने श्रमिकों के मनोविचार को





सकारात्मक बनाने पर प्रकाश डाला और कहा कभी व्यर्थ विचार लाकर गलत संग में पड़कर अपने मेहनत से कमाए हुए पैसों को गलत चीजों में ना लगाये। खुश रहे और जो भी मिले उसे स्वीकार कर संतुष्ट रहकर, परिवार का ध्यान रखें और कुछ समय निकालकर परमात्मा को भी धन्यवाद करें। कुमारी अननन्या ने नृत्य द्वारा सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार महेश भाई, प्रसाद भाई, सुनील भाई, अनामिका बहन, अंजलि बहन, नेहा बहन, शशि बहन, जानकी बहन उपस्थित थे। आए हुए सभी श्रमिकों का तिलक, पट्टीका एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 50 दिवसीय काउंटडाउन प्रारंभ

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज, आयुष विभाग ने योग जागरूकता अभियान किया शुरू

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 02 मई.** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तारतम्य में जनसामान्य को स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जागरूक करने हेतु भिंड जिले में विशेष तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. नीलम कुशवाह के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ठीक 50 दिन पूर्व '50



दिवसीय काउंटडाउन' कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अंतर्गत 150 से अधिक नागरिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। आयुष विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों में लाभकारी योगासन एवं प्राणायामों के वैज्ञानिक महत्व तथा स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने तथा योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाकर नागरिकों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने एवं अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया। आयुष विभाग द्वारा आगामी 21 जून तक जिलेभर में विभिन्न विद्यालयों, शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम एवं सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकारों का सम्मान

**भिंड।** ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार माने जाने वाले देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर भिंड शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के महत्व, दायित्व एवं बदलते स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रामकिशोर उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि समाज को दिशा देने वाली एक सशक्त शक्ति बन चुकी है।

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

**भिंड।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने विकासखंड अटेर अंतर्गत ग्राम दीनपुरा स्थित भागवती उपार्जन केंद्र एवं ग्राम रमा उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम अटेर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध आचरण वाले व्यक्ति ,श्रमिक बनकर कर रहे काम

### मजदूर संगठन ने जताई सुरक्षा पर चिंता

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर 02मई.** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में कई फैक्ट्रियों में बिना पुलिस व चरित्र सत्यापन के श्रमिकों को काम पर रखने का मामला सामने आया है, जिसको लेकर मजदूर सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र पाल बंसल ने थाना प्रभारी मालनपुर को पत्र सौंपकर कड़ी निगरानी की मांग की है। संगठन का आरोप है कि

> **संगठन की प्रमुख मांगें:**
> 1. मालनपुर की सभी कंपनियों, विशेषकर जमना ऑटो इंडस्ट्रीज में कार्यरत श्रमिकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जाए। 2. बिना सत्यापन वाले संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर कड़ी निगरानी रखी जाए। 3. महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं। जिला अध्यक्ष श्री बंसल ने कहा कि समय रहते कार्रवाई न होने पर बड़ी दुर्घटना या आपराधिक वारदात हो सकती है, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होगी। संगठन ने प्रशासन से औद्योगिक क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने की अपील की है।

जमना ऑटो इंडस्ट्रीज समेत अन्य कंपनियों में ठेकेदारों द्वारा संदिग्ध आचरण वाले लोगों को नौकरी दी जा रही है। पत्र में कहा गया कि बिना सत्यापन के कार्यरत व्यक्तियों से चोरी, मारपीट व अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका है। विशेष रूप से महिला श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है।

# पत्रकार सुरक्षा कानून सहित सभी मांगें पूरी होगीं : शुक्ल

### मजदूर दिवस पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जबरदस्त रैली निकाल कर बुलंद की आवाज

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 2 मई.** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए कहा है कि हमारी सरकार समस्याओं का समाधान करने के लिए है। वे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को भोपाल के समन्वय भवन में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों का पत्र सौंपा। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में आए श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद न्यू मार्केट में श्रमजीवी पत्रकार साथियों ने अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली निकाल कर अपनी आवाज बुलंद की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मांग पत्र उन्हीं को दिया जाता है जो मांग को पूरा करते हैं। इसलिए निश्चित रूप से पत्रकारों की मांगों पर ध्यान दिया जाएगा। समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से होता है। सरकार ने पहले भी पत्रकारों की कई मांगों को पूरा किया है। वे मुख्यमंत्री से जरूर बात करेंगे कि पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए कमेटी क्यों नहीं बनी। श्री शुक्ल ने कहा कि सत्ता आती है, जाती है हम लोग जनता की समस्या का समाधान करने वाले लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कटाक्ष पर कहा कि उन्हें पत्रकारों की मांगों को पूरा करने के लिए मदद नहीं करनी पड़ेगी, सरकार खुद यह काम करेगी। उन्होंने कहा कि



जो जहां हैं वहीं रहें। वे विपक्ष का अपना काम अच्छा कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को वरदान बनाना है तो हमें पत्रकारिता को मजबूत बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जितना अच्छा शासन, उतना अच्छा विपक्ष और पत्रकारिता।

शुक्ल ने कहा कि शलभ भदौरिया और मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ एक दूसरे के पर्याय हैं। इतने लंबे समय तक शलभ जी द्वारा दायित्व का निर्वाह उनके कार्यों को मान्यता प्रदान करता है। श्री शुक्ल ने कहा कि इतने लंबे समय से संगठन चलकर पत्रकारिता को मजबूत करने पर वे शलभ भदौरिया का अभिनंदन करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने श्रमजीवी साथियों की विशाल संख्या को देखकर कहा कि जितने साथी हाल में हैं उससे कहीं ज्यादा बाहर मौजूद हैं। यह सब मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के भरोसे के कारण है। इसीलिए यह संघ टिका है। इतना ही नहीं पत्रकारिता क्षेत्र के प्रदेश के मजबूत स्तंभ यहां उपस्थित हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकारों ने अपनी मांगों को लेकर जो भावना व्यक्त की वह स्वाभाविक है। उनकी मांगे पूरी करना सरकार का दायित्व ही नहीं पत्रकारों का अधिकार भी है। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार साथियों की मांगों का समर्थन करते हुए उपमुख्यमंत्री से उन्हें पूरा करने को कहा। श्री पटवारी ने कटाक्ष कर कहा कि आप जो मांगें छोड़ देंगे वे हम पूरी कर देंगे।

पटवारी ने कहा कि आज देशभर में हालात इतने खराब हैं कि 400 पत्रकारों पर हमले हो चुके हैं और इनमें 40 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। समाज को सही दिशा में चलाने और सच्चाई उजागर करने पर पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। पत्रकार एक सैनिक की भूमिका निभाता है, उसकी रक्षा करना सरकार और समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पत्रकार कमियां खोज कर लाता है और इस पर विपक्ष आवाज उठाता है। यदि हमलों के डर से विपक्ष भी आवाज उठाना बंद कर दे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। श्री पटवारी ने कहा कि किस तरह का वातावरण है कि पत्रकारों को सुरक्षा मांगनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग को पत्रकारों के रक्षक का काम करना चाहिए जबकि वह मुख्यमंत्री का मूड ठीक करने के काम का होकर रह गया है।

इसके पहले शासन संगठन समन्वय समिति के संयोजक रिजवान अहमद सिद्दीकी ने लिफ्ट गिरने पर घायल होने के बावजूद कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के 21 सूत्रीय ज्ञापन का वाचन कर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से उन्हें पूरा करने की मांग की। ज्ञापन की प्रति प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उपमुख्यमंत्री को सौंपी। उन्होंने मांगों को तत्परता से पूरा करने की जरूरत बताई।

# बुद्ध पूर्णिमा पर छात्रों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव , 02 मई.** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डॉ. आंबेडकर समन्वय समिति की ओर से स्थानीय डॉ. भीमराव आंबेडकर आध्यात्मिक आश्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ समाजसेवा में सक्रिय युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बृजेश कुमार मौर्य ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगा सिंह शेखर, बल्लू जाटव और दिनेश बौद्ध मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को नई ऊर्जा मिलती है।

## नरवाई जलाने वालों पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**भिंड।** जिले में खेतों में नरवाई एवं अन्य फसल अवशेष जलाने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर भिंड के कड़े निर्देशों के अनुपालन में तहसील भिंड ग्रामीण क्षेत्र में कानून का उल्लंघन कर खेतों में आग लगाने वाले 26 व्यक्तियों पर कुल लगभग 27 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अखिलेश शर्मा द्वारा तहसीलदार भिंड ग्रामीण के प्रतिवेदन के आधार पर की गई। 28 अप्रैल 2025 को नरवाई जलाने के मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण नियमों के तहत जुर्माना अधिरोपित किया गया।

# मालनपुर में ट्रैफिक चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट-सीट बेल्ट वालों के चालान



**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 02 मई.** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देश में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र गौतम के मार्गदर्शन में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी के नेतृत्व में हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा के लिए जरूरी है। सभी बाइक सवार हेलमेट और कार चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें। अभियान में एसआई बलवंत सिंह यादव, एस आई रामशरण शर्मा, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर, आरक्षक कुलदीप राजपूत, संजय राठौर, संजीव श्रीवास आदि शामिल रहे।

# एक मई से एनएचएआई के नए नियम लागू, बरेठा टोल प्लाजा पर सख्ती बढ़ी

**बृजेन्द्र पाल बंसल**

**मालनपुर 02मई.** राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक मई से नए नियम लागू कर दिए गए हैं। इन नियमों का असर बरेठा टोल प्लाजा पर प्रमुखता से देखने को मिल रहा है, जहां अब सख्ती के साथ नई व्यवस्था लागू की जा रही है।एनएचएआई को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ वाहन चालक गलत वाहन नंबर बताकर या नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर टोल नाकों से बिना शुल्क दिए निकल जाते थे। बाद में जब असली वाहन मालिकों को इसकी जानकारी मिलती थी, तो वे संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज कराते थे। इन गंभीर शिकायतों को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई ने





नई तकनीक और सख्त नियम लागू किए हैं।

**गलत नंबर/ छेड़छाड़ पर रोक:** नंबर प्लेट में हेरफेर या गलत जानकारी देकर टोल से बचना अब संभव नहीं होगा, ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाएगी।फास्टैग अनिवार्यता सभी वाहनों के लिए फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। बिना फास्टैग वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोगुना टोल शुल्क जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं लगा है, उनसे निर्धारित टोल का दोगुना शुल्क वसूला जाएगा। यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क टोल प्लाजा पर यूपीआई से भुगतान करने पर डेढ़ गुना अतिरिक्त राशि देनी होगी, ताकि फास्टैग को बढ़ावा मिल सके। ब्लैकलिस्ट, पेनल्टी प्रावधान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के फास्टैग को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है और अतिरिक्त पेनल्टी भी लगाई जा सकती है।रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग: सभी टोल प्लाजा अब केंद्रीय सिस्टम से जुड़े हैं, जिससे हर वाहन की जानकारी तुरंत रिकॉर्ड हो रही है।फास्टैग बैलेंस अनिवार्य यदि फास्टैग में बैलेंस नहीं है, तो वाहन को रोका जा सकता है या पेनल्टी के साथ शुल्क वसूला जाएगा।बरेठा टोल प्लाजा पर इन नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। टोल प्लाजा के मैनेजर ओमवीर सिंह भदोरिया ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने वाहनों में फास्टैग अनिवार्य रूप से लगवाएं और उसमें पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें। उन्होंने बताया कि यदि फास्टैग में बैलेंस नहीं है, तो 72 घंटे के भीतर उसे रिचार्ज कर लें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।उन्होंने यह भी कहा कि नए नियमों से टोल व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित बनेगी। इससे न केवल राजस्व हानि पर रोक लगेगी, बल्कि नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी।

नए नियमों के लागू होने के बाद बरेठा टोल प्लाजा पर अनुशासन और निगरानी पहले से अधिक सख्त हो गई है, जिससे टोल संचालन अब अधिक सुचारु और तकनीकी रूप से मजबूत होता नजर आ रहा है।

> **प्रमुख नए नियम एनएचएआई के निर्देश अनुसार**
> हाईटेक स्कैनर प्रणाली लागू: अब टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक कैमरा और स्कैनर लगाए गए हैं, जो वाहन की नंबर प्लेट, फास्टैग और रजिस्ट्रेशन की सटीक पहचान करेंगे।